ईसीजीसी लि.
(पूर्व का भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम लिमिटेड)
ECGC Ltd.
(Formerly Export Credit Guarantee Corporation Of India Ltd.)
(भारत सरकार का उद्यम)
(A Government of India Enterprise)

बैंक प्रभाग :हामीदारी/ईसीआईबी/(डबल्यूटीपीसी/डबल्यूटीपीएस)/2017
3 मार्च 2017

परिपत्र सं 444

प्रति,

सम्पूर्ण पण्यावर्त निर्यात ऋण बीमा रक्षा के धारक सभी बैंकों के लिए

विषय : मंजूरी पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता

वर्तमान में ई सी आई बी के अधीन, सम्पूर्ण पण्यावर्त रक्षा के धारक बैंकों द्वारा निर्धारित प्रारूप में, विवेकाधीन सीमा मंजूर सीमा तक निर्यातकों की मंजूर सीमा के संबंध में ई सी जी सी की संबन्धित शाखाओं में अधिसूचित किया जा सकता है, बशर्ते कि निर्यातक निगम की विशिष्ट अनुमोदन सूची (एस ए एल) में न हो । बैंकों द्वारा , निर्धारित प्रारूप में , मंजूरी के 30 दिनों के भीतर , निर्यातकों के लिए सीमाओं के विस्तार / कटौती / रद्द किए जाने को अधिसूचित किया जा सकता है बशर्ते कि उस निर्यातक का आस्ति वर्गीकरण " मानक " हो तथा संघीय / बहु बैंकिंग में निर्यातक अथवा निर्यातक समूह की पी सी व पी एस की कुल सीमाएं 200 करोड़ रु से अधिक न हो।

पूर्व में अधिसूचना के साथ किसी भी प्रकार के दस्तावेज़ों की प्रस्तुति अनिवार्य नहीं था । ऐसा पाया गया है कि कई मामलों में बैंक की शाखाओं द्वारा निर्धारित फॉर्म में मंजूर सीमाओं के विवरणों का उल्लेख नहीं किया जाता है। साथ ही आंतरिक परिवर्तनीयता तथा उप सीमाओं का भी उल्लेख नहीं किया जाता है। इससे हमारे सिस्टम में सीमाओं की गलत प्रविष्टि हो जाती है। अतः अब यह अनिवार्य कर दिया गया है कि जहां पी सी / पी एस सीमाएं 10.00 करोड़ रु से अधिक है, बैंक द्वारा निर्यातक को जारी मंजूर पत्र की प्रति भी अधिसूचना हेतु निर्धारित फॉर्म के साथ प्रस्तुत करनी होगी।

यह पत्र , आपके बैंक को जारी ई सी आई बी (डबल्यू टी पी सी / डबल्यू टी पी एस) बॉन्डों की निबंधन व शर्तों का हिस्सा है।

आपसे अनुरोध है कि इस परिपत्र में दी गई विषय वस्तु को नोट करें तथा अपने नियंत्रण कार्यालयों व परिचालन शाखाओं को इसके कड़े अनुपालन के निर्देश दें ।

वी. धर्मराजन

(वी. धर्मराजन)

महाप्रबंधक

दलामल हाऊस, तल मंजिल, जमनालाल बजाज मार्ग, नरीमन पाइंट, मुंबई - 400 021। भारत। फोन : 66138407-19 फैक्स : 66138416
Dalamal House, Gr. Floor, Jamnalal Bajaj Marg, Nariman Point, Mumbai - 400 021. India. Tel.: 66138407-19 Fax: 66138416

पंजीकृत कार्यालय : एक्सप्रेस टावर्स, 10 वी मंजिल, नरीमन पाइंट, मुंबई - 400 021, भारत। फोन : 6659 0500-509 फैक्स : 6659 0517 सी आई एन : U74999MH1957GOI010918